भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

दैनिक भास्कर

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 07.11.2019

आईआईटी के दीक्षांत में 1282 को मिलेगी उपाधि

वाराणसी । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू का आठवां दीक्षांत समारोह आठ नवंबर को दिन में 10 बजे स्वतंत्रता भवन में शुरू होगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक होंगे ।

उक्त जानकारी आईआईटी, बीएचयू के निदेशक और संचालक मंडल के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने बुधवार को पत्रकारों को दी। । उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए भाषण हिंदी में दिए जाएंगे। समारोह में 1282 छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी । दो छात्रों को क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने पर प्रेसिडेंट्स स्वर्ण पदक और डायरेक्टर स्वर्ण पदक दिया जाएगा। शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र श्रुति राजलक्ष्मी को प्रेसिडेंट स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।